<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–31 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक। परियोजनाओं के लिए मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा को दस करोड़ रुपये से बढ़ाकर पचास करोड़ रुपये करने के दिये निर्देश।
- मतदाताओं की सुविधा के लिए आज विशेष अभियान चलाएगा निर्वाचन आयोग। एसआईआर के तहत समस्त बूथों पर किया जाएगा ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रदर्शन।
- केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने आजमगढ़ और जौनपुर जिले के लिये दो महत्वपूर्ण फोरलेन सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने जारी की प्रतियोगी परीक्षाओं का विस्तृत वार्षिक परीक्षा कैलेंडर। पीसीएस की मुख्य परीक्षा उन्तीस मार्च से।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में वित्त विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने परियोजनाओं के लिए विभागीय मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये करने का निर्देश दिया। एक रिपोर्ट......

***बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को तेज, सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने 50 से 150 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से और 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से दी जाए, जिससे परियोजनाओं को समय पर वित्तीय मंजूरी मिले और काम तेजी से आगे बढ़े। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य गारंटी पॉलिसी लागू की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी और रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। इसके लिए सभी विभाग समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पेंशन व्यवस्था पर भी विस्तृत चर्चा की। साथ ही, यह निर्देश भी दिये कि अल्प पेतनभोगी कर्मियों जैसे– आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय हर माह तय तारीख को उनके बैंक खातों में पहुंच जाय।

**********

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल कल गौतमबुद्ध नगर में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ़ अकाउंटेंट्स दो हजार छब्बीस के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत तेज़ी से एक मजबूत वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। सरकार की नीतियों, सुधारों और उद्योग–अनुकूल वातावरण के चलते देश न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है। श्री गोयल ने कहा कि भारत ने आठ देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं जो देश के विकास को नई दिशा दे रहे हैं।

***हमने आठ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट गत 4 वर्षों में किए हैं। यह आठ एग्रीमेंट सभी के सभी विकसित देशों के साथ। यह आठ एग्रीमेंट ऐसे देशों के साथ हुए हैं जो समृद्ध हैं, जिनकी पर कैपिटा जीडीपी हमसे काफी बड़ी है, जिसमें लेबर कॉस्ट ज्यादा है, जिसमें लेबर की साधारणता शॉर्टेज है, जहां पर हमें नए अफसर मिलेंगे विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां पर हमारी ताकत है।***

**********

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कल प्रयागराज माघ मेले में युवा चेतना शिविर में हिस्सा लिया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सूक्ष्म और मध्यम लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने पड़े पैमाने पर लोगों को रोज़गार से जोड़ा है। एक फरवरी को संसद में पेश होने वाले बजट को लेकर उन्होंने कहा कि–

***हर साल हमारा बजट जो होता है, उसमें कुछ ना कुछ विशेषताएं होती है। इस बजट में भी हम समझते हैं कि सभी लोगों से राय लिया गया विभिन्न तबके के लोगों से जिसमें अनइंप्लॉयमेंट पर और फिर खास करके हमको जो स्पेस में जाने की बात है, सो है या एआई है सो है उस पर इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और भारत को कैसे 2047 में स्वावलंबी बनावे, भारत संसार का विकसित राष्ट्र में आ जाए इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।***

**********

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत प्रदेश के मतदाताओं की सुविधा के लिए आज एक बार फिर से समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने बूथों पर सुबह ग्यारह बजे से शाम चार बजे तक ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि ऐसे मतदाता जो मृतक, अनुपस्थित, दोहरी प्रविष्टि, स्थानांतरित श्रेणी में शामिल हैं उनकी सूची भी प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि अपने बूथ पर जाकर छः जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता

सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। जिनका नाम आलेख्य मतदाता सूची में न हो , वे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म छः भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें या पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें।

**********

केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आजमगढ़ और जौनपुर जिले के लिये दो महत्वपूर्ण फोरलेन सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि आजमगढ़ में पन्द्रह किलोमीटर लम्बाई वाले फोरलेन दक्षिण–पूर्व बाइपास के निर्माण के लिये एक हजार दो सौ उन्यासी करोड़ तेरह लाख रूपये लागत की स्वीकृति दी गयी है जबकि जौनपुर में बारह दशमलव दो किलोमीटर लम्बाई वाले फोरलेन वेस्टर्न बाइपास के निर्माण के लिये नौ सौ चौवालीस करोड़ उन्नीस लाख रूपये की लागत मंजूर की गयी है।

**********

इंडिया–एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन–दो हजार छब्बीस, सोलह से बीस फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। यह सम्मेलन विकासशील देशों में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस– एआई सम्मेलन होगा। सम्मेलन को लेकर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि–

***हमारे जीवन के हर एक्सपेक्ट में एआई का उपयोग होने वाला है। चाहे हेल्थ केयर हो, चाहे नए मटेरियल्स की डिस्कवरी हो, चाहे प्लेनिंग, अर्बन प्लेनिंग हो, चाहे अर्बन ट्रांसपोटेशन हो, हर एक क्षेत्र में एआई का उपयोग होने वाला है और आने वाले समय में विकसित भारत की जो जर्नी है उसमें एआई का बहुत बड़ा रोल होगा।***

**********

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कल अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में परिसर में निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि उन्नीस मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अयोध्या दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान राष्ट्रपति के हाथों राम मंदिर परिसर में निर्माण कार्य में जुटे लगभग चार सौ श्रमिकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**********

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में उत्तर प्रदेश की झांसी को लोकप्रियता श्रेणी में दूसरा पुरस्कार मिला है। समृद्धि का मंत्र–आत्मनिर्भर भारत थीम पर आधारित इस झांकी ने बुन्देलखण्ड की संस्कृति के साथ आधुनिक उत्तर प्रदेश की झलक भी दिखायी थी।

**********

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल वाराणसी में तीन दिवसीय पिंडरा महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी कॉरिडोर के माध्यम से काशी का ऐतिहासिक कायाकल्प हुआ है, जिससे प्रदेश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिली है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब सरकार मथुरा–वृंदावन के विकास को गति देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने वर्ष दो हजार छब्बीस में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं का विस्तृत वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके अन्तर्गत चार दिवसीय पीसीएस–दो हजार पच्चीस की मुख्य परीक्षा उन्तीस मार्च से शुरू होगी। पीसीएस दो हजार छब्बीस की प्रारम्भिक परीक्षा की तिथि छः दिसम्बर को प्रस्तावित की गयी है।

**********

प्रदेश के नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कल मऊ में आयोजित रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए।

**********

कुछ दिनों धूप निकलने के बाद प्रदेश के कई जिलों में कल से एक बार फिर घना कोहरा छाने लगा है। प्रदेश के पूर्वी जिलों में कल आसमान में बादल भी छाये रहे। मौसम विभाग के मुताबिक बरेली, सहारनपुर और आगरा में कल सुबह दृश्यता शून्य रही। विभाग ने अगले दो दिनों के लिये पश्चिमी जनपदों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश की सम्भावना जतायी है।

**********